आकाशवाणी शिमला
17.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

चुनाव–तैयारियां

लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि प्रदेश में कुल 7 हजार 9 सौ 90 मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। जिनमें 4 सौ 25 संवदेनशील मतदान केन्द्र है। उन्होंने कहा कि लगभग 50 हजार चुनाव कर्मी मतदान के लिए तैनात किए जाएंगे। प्रदेश में 1 सौ 50 मतदान केन्द्र केवल महिलाओं द्वारा जबकि 29 मतदान केन्द्र दिव्यांग मतदान कर्मियों और 54 मतदान केन्द्र युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1 सौ 33 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। मनीष गर्ग ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

मतदाता

प्रदेश में एक जून को होने वाले चुनाव के लिए 56 लाख, 38 हजार 4 सौ 22 पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें 28 लाख 79 हजार 2 सौ पुरूष जबकि 27 लाख 59 हजार 1 सौ 87 महिला मतदाता है। लोकसभा चुनाव में राज्य के एक लाख 38 हजार 9 सौ 18 नए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रदेश में 56 हजार 3 सौ पी.डब्ल्यू.डी वोटर और 60 हजार 9 सौ 95 ऐसे मतदाता है जिनकी उम्र 85 वर्ष से अधिक है। सभी स्थानों पर ई.वी.एम और वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा। लाहौल–स्पीति का टाशीगंग मतदान केंद्र सर्वाधिक ऊंचाई पर स्थित मतदान केंद्र है। इसके अलावा किन्नौर का नाको, भरमौर का चस्क भटौरी व मनाली का काथी पोलिंग स्टेशन 10 हजार फुट से अधिक उंचाई पर स्थित है।

कांगड़ा–चुनाव

कांगड़ा जिले के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनावों के मद्देनजर 1 हजार 6 सौ 42 पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे जिनमें 1 सौ 18 संवेदनशील बूथ भी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा के अनुसार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख 28 हजार 7 सौ 68 है। जिले में 6 लाख 79 हजार 4 सौ 72 पुरूष और 6 लाख 49 हजार 2 सौ 92 महिला मतदाता है। नए मतदाताओं की संख्या 10 हजार 4 सौ 41 हैं जबकि 9 हजार 9 सौ 38 दिव्यांग मतदाता है।

मंडी–चुनाव

मंडी जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने कहा है कि चुनावों में रिश्वत लेने व देने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के 10 विधानसभा क्षेत्रों में 1 हजार 2 सौ 17 पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे। जिले में कुल 8 लाख 66 हजार 8 सौ 59 मतदाताओं में से 4 लाख 38 हजार 4 सौ 57 पुरुष जबकि 4 लाख 28 हजार 4 सौ महिला मतदाता है। जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 10 हजार 1 सौ 40, 85 वर्ष से अधिक आयु के 8 हजार 7 सौ 55 और 100 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1 सौ 66 मतदाता है।

कुल्लू–चुनाव

कुल्लू जिले में लोकसभा चुनावों के लिए 5 सौ 75 मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें 3 संवेदनशील मतदान केन्द्र भी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी तोरूल एस. रवीश ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जिले के 4 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक में 2–2 महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित मतदान

केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इन केन्द्रों में केवल महिला कर्मचारी ही मतदान प्रक्रिया का संचालन करेंगी। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 1–1 मतदान केन्द्र युवा कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 32 हजार 5 सौ 74 है। जिसमें 1 लाख 67 हजार 9 सौ 6 पुरूष और 1 लाख 63 हजार 5 सौ 95 महिला मतदाता है। जिले में 1 हजार 72 सर्विस मतदाता, 3 हजार 2 सौ 23 दिव्यांग मतदाता, जबकि 2 हजार 8 सौ 73 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं। जिले में नए मतदाताओं की संख्या 8 हजार 1 सौ 81 है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम जनता से आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

हमीरपुर–चुनाव

हमीरपुर जिले में आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए कड़े प्रबंध किए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उड़नदस्तों व अन्य टीमों को तैनाती के अलावा आदर्श आचार संहिता के उलंघन की शिकायत के लिए जिला स्तर पर शिकायत निगरानी कक्ष भी स्थापित किया गया है।

....